# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट-https://snpv.ac.in

क्रमाँक 5877/E/परीक्षा–गोपनीय/2026 रायगढ़, दिनाँक 29/1/26

## –:: अधिसूचना ::–

सत्र 2025–26 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा संचालित पाठयक्रमों के मुख्य वार्षिक परीक्षा पद्धति में सम्मिलित होने वाले स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के (नियमित/भूतपूर्व/स्वाध्यायी/पूरक अंतिम अवसर), स्नातकोत्तर (पूर्व/अंतिम वर्ष) के (स्वाध्यायी), डिप्लोमा एवं बी.एड. (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) परीक्षार्थियों के परीक्षा फॉर्म भराये जाने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में निर्धारित बी.एड. (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) हेतु अंतिम तिथि 22.01.2026 एवं स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के (नियमित/भूतपूर्व/स्वाध्यायी/पूरक अंतिम अवसर), स्नातकोत्तर (पूर्व/अंतिम वर्ष) के (स्वाध्यायी), डिप्लोमा हेतु अंतिम तिथि 27.01.2026 तक निर्धारित की गयी थी।

उक्त निर्धारित तिथि में 200/– रूपये विलंब शुल्क के साथ बतौर अंतिम अवसर वृद्धि करते हुए ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा फॉर्म भराये जाने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती हैः–

| क्रं. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01. | स्नातक (द्वितीय एवं तृतीय वर्ष) के (नियमित/भूतपूर्व/स्वाध्यायी/पूरक अंतिम अवसर) परीक्षार्थियों, स्नातकोत्तर (पूर्व/अंतिम वर्ष) पाठ्यक्रमों के (स्वाध्यायी), डिप्लोमा एवं बी.एड. (प्रथम एवं द्वितीय वर्ष) पाठ्यक्रमों के परीक्षार्थियों के लिए विलंब शुल्क 200/– रूपये के साथ प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि | 30.01.2026 से 03.02.2026 तक |
| 02. | छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन नामांकन/परीक्षा फॉर्म आवेदनों की हार्डकॉपी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | 04.02.2026 तक |
| 03. | महाविद्यालय छात्र–छात्राओं के द्वारा भरे गये ऑनलाईन नामांकन/परीक्षा फॉर्म आवेदनों की सूची (Enrollment Return/Roll List 2025–26) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में नामांकन/परीक्षा आवेदनों की ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति परीक्षण कर विधिवत अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अंतिम तिथि | 05.02.2026 तक (अशासकीय महाविद्यालय)<br>06.02.2026 तक (शासकीय महाविद्यालय) |

नोट :–

- ऐसे परीक्षार्थी जो विश्वविद्यालय की परीक्षा में प्रथम बार सम्मिलित हो रहे हैं उन्हे नामांकन फॉर्म भरना अनिवार्य होगा। साथ ही वे परीक्षार्थी भी नामांकन फॉर्म भरेंगे जो, पूर्व में इस विश्वविद्यालय के छात्र रहें है किंतु प्रवजन प्रमाण पत्र (Migration Certificate) जारी करा चुके है।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्र.5878/E/परीक्षा–गोपनीय/2026 रायगढ़, दिनाँक 29/1/26

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।



Scanned with OKEN Scanner

02. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।

03. वित्ताधिकारी (भंडार / वित्त) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।

04. अनुभाग अधिकारी / कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

05. संपादक / संवाददाता, दैनिक .................................. समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

06. कार्यालयीन प्रति।

**प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)**



Scanned with OKEN Scanner